# शाहिद के भाई के साथ रिक्शे में घूमती नजर आईं जाह्नवी

जाह्नवी कपूर अपनी फिल्म धड़क की शूटिंग के लिए इन दिनों कोलकाता पहुंची हुई हैं. यहां शूटिंग काफी जोरों पर चल रही है. ज्यादातर शूटिंग आउटडोर है क्योंकि कभी वह ट्राम पर बैठी तो कभी रिक्शे की सवारी करती नजर आ रही हैं. इनके सेट की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं.




बता दें कि इससे पहले भी फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हो रही थी. इसके बाद करन ने सेट पर मोबाइल बैन कर दिया था. इससे सेट पर मौजूद लोगों को परेशानी तो हो रही है. लेकिन सीक्रेसी बनाए रखने के लिए ये करना जरूरी भी था. लेकिन अब आउटडोर शूटिंग के मामले में तो चीजें काबू से बाहर हो जाती हैं. क्योंकि भीड़ में घूम रहे हर शख्स के हाथ में मोबाइल है.

हालांकि सेट पर इसका पूरा ध्यान रखा जाता है. खुद फिल्म के डायरेक्टर शशांक खेतान का कहना था कि सेट पर तो पूरी सावधानी बरती जाती है. लेकिन बाहर के लोगों को हम कंट्रोल नहीं कर सकते. यूं भी सोशल मीडिया की वजह से ऑफीशियल रिलीज होने से पहले ही अक्सर स्टार्स की फिल्मी लुक सबके सामने आ जाते हैं. कुछ इसी तरह सुपर 30 बने ऋतिक की तस्वीरें भी पिछले दिनों खूब वायरल हुई थीं.

# आर माधवन की जगह सिंबा में दिखेंगे सोनू सूद

सोनू सून फिल्मकार रोहित शेट्टी की अगली फिल्म सिम्बा में विलेन बने नजर आएंगे. पहले खबरें आ रही थी कि निर्देशक रोहित शेट्टी की इस फिल्म में आर. माधवन विलेन बन रणवीर सिंह से टक्कर लेते नजर आएंगे. इस फिल्म से जुड़ने पर सोनू सूद का कहना है कि सिंबा की इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें बहुत सारा होमवर्क करना होगा. आर. माधवन ने स्पष्ट किया कि कंधे की चोट के कारण वह सिम्बा का हिस्सा नहीं बन सकेंगे, जिसके बाद सोनू को रणवीर सिंह और सारा अली के साथ फिल्म में शामिल किया गया.



सलमान खान की दबंग में विलेन बने नजर आ चुके सोनू सूद फिर से पुलिस वाले के विरोध में खड़े नजर आएंगे.

रिपोर्ट के अनुसार सोनू ने कहा, मुझे लगता है कि बहु आयामी.. और ऐसी भूमिका, जिसमें काम चुनौतीपूर्ण हो, थोड़ा मुश्किल है, ऐसी भूमिका निभाना रोमांचक है और यह हमेशा एक कलाकार के लिए ऊंचा है. यह ऐसी फिल्म है, जिसके लिए मुझे कड़ी मेहनत और कुछ चीजों के अध्ययन की जरूरत है. सोनू ने कहा, एक बार फिल्म रिलीज हो जाए, तो लोगों को इस बारे में पता चल जाएगा और हां, इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की. बॉलीवुड पॉटबोयलर से जुड़े सभी तत्वों के साथ शेट्टी अपने आउट-एंड-आउट मसाला एंटरटेंमेंट के लिए पहचाने जाते हैं. रिलायंस एंटरटेंमेंट द्वारा प्रस्तुत सिम्बा 28 दिसंबर को रिलीज होगी.

# वही फिल्में करता हूं जो पसंद आती हैं : अजय देवगन...

अभिनेता-निर्माता अजय देवगन ने कहा कि वह उन्हीं फिल्मों से जुड़ते हैं, जो उन्हें पसंद आती है। अजय ने फिल्म 'आपला मानूस' के साथ मराठी सिनेमा में कदम रखा है। यह फरवरी में रिलीज हुई थी।



यह पूछे जाने पर कि क्या वह और मराठी फिल्मों में भी काम करना चाहेंगे, अजय ने कहा, ''जब मैं अच्छी पटकथा सुनता हूं तो मैं उसमें काम करना चाहता हूं। जब मैंने यह पटकथा ('आपला मानूस') सुनी, तो मुझे यह शानदार लगी। रिलीज के बाद इसे सराहा गया। मैं कोई भी चीज तभी करता हूं अगर वह मुझे पसंद आती हैं।''

अभिनेता इन दिनों आगामी फिल्म 'तानाजी - द अनसंग योद्धा' की तैयारी कर रहे हैं। इसमें वह शिवाजी की सेना के सैन्य नेता सुबेदार तानाजी मालुसरे की शीर्षक भूमिका निभाते दिखेंगे। इस ऐतिहासिक फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, ''तैयारी चल रही है और हम अगस्त में शूटिंग शुरू करेंगे।'' अजय एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में भी दिखेंगे। इसमें राकुल प्रीत सिंह और तब्बू जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# राजनीतिक मुद्दों पर विचार न रखने का मतलब यह नहीं कि कुछ जानती नहीं हूं: कटरीना कैफ

बॉलिवुड अभिनेत्री कटरीना कैफ कहती हैं कि अगर वह कभी भी किसी सरकार से जुड़े मामले, किसी खास समस्या और राजनितिक मुद्दों पर अपने विचार न रखें तो इसका मतलब यह नहीं है कि संबंधित मुद्दे पर उनका अपना कोई मत नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि पब्लिक प्लैटफॉर्म पर हर मामले में वह अपनी प्रतिक्रिया दें। कटरीना से पूछा गया कि आमतौर पर कई अभिनेत्रियों से जब देश-दुनिया में चल रहे इशू को लेकर सवाल किया जाता है तब वह विचारहीन हो जाती हैं, उनका जवाब होता है कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस पर आप क्या कहेंगी? कटरीना लड़कियों की शिक्षा से जुड़े एक प्रोग्राम में पहुंची थी। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैं उस विषय पर जरूर बात करूंगी जिस पर मेरा विश्वास है, जैसे आज का मौका लड़कियों की शिक्षा से जुड़ा था, इसलिए मैं यहां आ गई।



कटरीना आगे कहती हैं, इस सवाल को मैं ठीक तरह नहीं समझ पा रही हूं, लेकिन कई बार जब कोई मुद्दा राजनीति या सरकार से संबंधित होता है, तब बहुत से ऐक्टर अपनी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं, क्योंकि वह राजनीति से जुड़े नहीं होते इसलिए उन मुद्दों पर सच में बात नहीं करना चाहते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि जो ऐक्टर्स संबंधित मुद्दों पर बात नहीं करते उनके पास अपने कोई विचार नहीं हैं। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कटरीना कहती हैं, किसी विषय और मुद्दे पर विचार होना और उसे पब्लिक प्लैटफॉर्म पर व्यक्त करने में बहुत अंतर है।



# ब्रह्मास्त्र के लिए खास तैयारी कर रहे हैं रणबीर कपूर

बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर अपनी आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र के लिये खास तैयारी कर रहे हैं। रणबीर कपूर इन दिनों अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम कर रहे हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन और आलिया भट्ट की भी अहम भूमिका है। वर्तमान दौर में यह हर लिहाज से कठिन फिल्म मानी जा रही है। फिल्म के सेट पर आलिया भट्ट स्टंट करते हुए चोटिल हो गयी थीं।

रणबीर शूटिंग से छोटा सा ब्रेक लेकर आर्ट्स के कई फॉर्म्स सीखने वाले हैं, जिनमें कलारीपय्याटू जैसे फॉर्म्स प्रमुख है। रणबीर इसके लिए चार हफ्ते की ट्रेनिंग लेंगे, जिसमें वह कलारीपय्याटू और वर्मा कलाई जैसी विधाएं भी सिखेंगे। इसके लिए स्पेशल फिजिक की जरूरत होती है और रणबीर इसके लिए अपनी बॉडी को पूरी तरह से तैयार कर रहे हैं। वह काफी मेहनत कर रहे हैं। वह जिम में भी काफी समय व्यतीत कर रहे हैं।

# रेस 3 के पोस्टर में नजर आया डेजी शाह का हॉट अवतार

सुपरस्टार सलमान खान ने रेस-3 में डेजी शाह के किरदार को पेश किया. वह इससे पहले फिल्म में सिकंदर के रूप में अपना परिचय दे चुके हैं. उन्होंने इसके बाद जैकलीन फर्नांडिस को जेसिका के रूप में और बॉबी देओल को यश के किरदार में देश की जनता के सामने पेश किया था. सलमान ने वादा किया था कि वह इस सप्ताह एक-एक कर रेस-3 परिवार के सदस्यों से जनता को रूबरू करवाएंगे और वादे के अनुसार सलमान ने आज (गुरुवार) सोशल मीडिया पर डेजी शाह के किरदार संजना को जनता के सामने पेश किया.



फिल्म में डेजी का नाम होगा संजना

सलमान ने पोस्टर साझा करते हुए एक अहम सूचना भी दी है. उन्होंने फिल्म में डेजी के लुक के साथ उनके किरदार के नाम का भी खुलासा कर दिया है. सलमान ने लिखा, सिजलिंग संजना धमाका करने का इंतजार कर रही है. फिलहाल फिल्म की अबू धाबी में एक्शन दृश्यों की शूटिंग चल रही है, जहां फिल्म के सभी कलाकार अपने किरदार की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. फिल्म रेस-3 में सलमान खान, जैकलिन फर्नांडिस, अनिल कपूर, डेजी शाह, बॉबी देओल और साकिब सलीम जैसे कलाकार हैं.

**15 जून को रिलीज होगी फिल्म**

बता दें, इस फिल्म का निर्देशन रेमो डीसूजा ने किया है और फिल्म मल्टिस्टारर है. डेजी के बाद अब भी फिल्म से कई कलाकारों के लुक्स को रिलीज किया जाना है और सलमान इस हफ्ते एक-एक कर अपनी पूरी टीम को इंटरव्यूज कराने वाले हैं. रेमो के निर्देशन में बन रही रेस 3, रेस सीरीज की तीसरी फेंचाइजी है. इससे पहले फिल्म के दो पार्ट में सैफ अली खान ने अहम भूमिकाएं निभाई हैं. हालांकि, अब इस फिल्म की तीसरी सीरीज को रेमो द्वारा बिलकुल नई कास्ट के साथ रिलीज किया जाएगा. यह फिल्म 15 जून को रिलीज होगी.


# शब्द सामर्थ्य Shabd Samarth

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | 2 | सा | म | ना | 3 | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | 8 | ना | क | क | ट | ना |
| बी | 10 | प | | | 11 | ड़ी | 13 | प |
| 14 | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | 20 | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | 24 |
| म | क | र | | सी | ल | | 26 | 21 |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# सू-दोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राशिफल

**मेष-** परिजनों के साथ उग्र वाद-विवाद होने की आशंका है, संयम से काम लें। छाती में दर्द या अन्य किसी विकार से व्यग्रता का अनुभव होगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा।

**वृष-** आज आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। सलाह है कि दोपहर के बाद मान-सम्मान का ध्यान रखते हुए काम करें।

**मिथुन-** शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन का व्यय होगा। मध्याह्न के बाद आर्थिक लाभ होगा। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम बढ़ेगा। भाग्यवृद्धि के प्रसंग बनेंगे। कार्य में सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क-** आज का दिन आनंद में बीतेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। स्नेहीजनों और मित्रों से मुलाकात होगी। मध्याह्न के बाद परिजनों के साथ बोलचाल में उग्रता आ जाने से आपका मन व्यथित होने की संभावना है। क्रोध पर संयम रखिएगा।

**सिंह-** आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा। मध्याह्न के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप नए कार्यों का प्रारंभ कर सकेंगे। स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। आर्थिक लाभ होगा।

**कन्या-** आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने की संभावना है। सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग आपको मिलेगा। मित्रवर्ग के लिए जो व्यय होगा वह लाभप्रद रहेगा। क्रोध में किसी के साथ उग्र चर्चा न हो जाए इसका ध्यान रखिएगा। आरोग्य नरम-गरम रहेगा।

**तुला-** दिन आपके लिये एकदम शुभ है। धार्मिक काम और देव दर्शन के लाभ मिलेंगे। आपको विविध क्षेत्रों में लाभ मिलने की संभावना है। उच्च अधिकारीयों की तरफ से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। पदोन्नति के योग हैं एवं मनवांछित फलप्राप्ति होगी।

**वृश्चिक-** विविध क्षेत्रो में लाभ मिलने की संभावना है। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी। उच्च अधिकारियों को आपके कार्य से प्रसन्नता हो सकती है और वे आपको प्रोत्साहित कर सकते हैं। स्थान वृद्धि होने की संभावना है।

**धनु-** क्रोध पर संयम रखिएगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करिएगा। मध्याह्न के बाद स्थिति में सुधार होने की संभावना है। पारिवारिक कठिनाइयां भी कम होंगी। मित्रों के साथ भेंट होने से आनंद होगा। भाग्यवृद्धि के प्रसंग बनेंगे।

**मकर-** साझेदारी से लाभ होगा। प्रवास की सुस्मृतियां मन में अंकित रह जाएंगी। व्यापार के क्षेत्र में भी आपको लाभ होगा, परंतु मध्याह्न के बाद आपके लिए समय प्रतिकूल है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ महसूस करेंगे।

**कुंभ-** आजका दिन पूर्ण रूप से शुभ फलदायी होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। व्यवसाय करनेवालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। दिनभर मनोरंजक प्रवृत्ति में आप व्यस्त रह सकते हैं।

**मीन-** अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च हो सकता है। शारीरिक नरम रहेगा, परंतु मध्याह्न के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा। कार्य में यश कीर्ति मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ होगा।